महर्षि महेश योगी वैदिक विश्वविद्यालय

मध्यप्रदेश अधिनियम क्रमांक 37 वर्ष 1995 द्वारा स्थापित एवं विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यू जी सी) की धारा 2(f) के अन्तर्गत सूचीबद्ध

क्रमांक: ....   दिनांक: 06/09/2018

कार्यवृत्त

महर्षि महेश योगी वैदिक विश्वविद्यालय के **आन्तरिक गुणवत्ता सुनिश्चयन प्रकोष्ठ** की बैठक **दिनांक 06/09/2018 दिन गुरुवार को अपरान्ह 2:00** बजे विश्वविद्यालय के **मुख्यालयः– ब्रह्मस्थान, करौंदी, उमरियापान, जिला–कटनी म.प्र.** में संपन्न हुई। उक्त बैठक में निम्नलिखित सदस्य उपस्थित रहेः–

1. प्रो. भुवनेश शर्मा, कुलपति	–	अध्यक्ष
2. डॉ. निलिम्प त्रिपाठी	–	संयोजक
3. डॉ. ओमनारायण तिवारी	–	सह–संयोजक
4. श्री बी. के. शुक्ला	–	सदस्य
5. श्री संदीप शर्मा	–	सदस्य
6. डॉ. उमाशंकर तिवारी	–	सदस्य
7. डॉ. मनीष खरे	–	सदस्य
8. डॉ. मानवेन्द्र पाण्डेय	–	सदस्य
9. श्री हरिनारायण शर्मा	–	सदस्य
10. श्री सीमांत शर्मा	–	सदस्य

बैठक की कार्यवाही के प्रारंभ में माननीय अध्यक्ष महोदय ने उपस्थित सदस्यों का स्वागत किया। तत्पश्चात श्री गुरूपरंपरा पूजन एवं वैदिक मंत्रोच्चार सस्वर पाठ के उपरांत बैठक में विस्तृत विचार विमर्श कर निम्नलिखित निर्णय लिये गये।

पद क्र. 01 NAAC Peer Team द्वारा विश्वविद्यालय के निरीक्षण के संबंध में विचार।

निर्णयः माननीय अध्यक्ष महोदय ने समस्त उपस्थित सदस्यों को अवगत कराया कि विश्वविद्यालय के मूल्यांकन हेतु NAAC द्वारा Peer Team गठित हो चुकी है तथा विश्वविद्यालय का निरीक्षण दिनांक 27 से 29 सितम्बर तक होगा। तदुपरांत विभिन्न विभागों द्वारा की गयी तैयारियों का पुनरावलोकन किया गया तथा NAAC टीम के समक्ष प्रस्तुत किये जाने वाले समस्त विभागों के पावर प्वाइंट प्रस्तुतिकरण का पूर्व अवलोकन किये जाने हेतु संस्तुति की गयी।

पद क्र. 02 NAAC Peer Team के निरीक्षण को दृष्टिगत रखते हुए विश्वविद्यालय की समस्त समितियों/अन्य प्रकोष्ठों की IQAC के साथ संयुक्त बैठक आयोजित किये जाने के संबंध में।

निर्णयः 1) NAAC Peer Team के निरीक्षण को दृष्टिगत रखते हुए विश्वविद्यालय की समस्त समितियों की IQAC के साथ संयुक्त बैठक हुयी जिसमें निम्नलिखित समितियों के अध्यक्षों

मुख्यालयः– ब्रह्मस्थान, करौंदी, पोस्ट–महनेर, जिला–कटनीः–(मध्य प्रदेश)–४८३३३२ ● फोनः– ९९८१९९४४२४, ९७५५०३८१२१, ९७५५०३८११५
प्रशासनिक कार्यालयः– लमती, विजय नगर, जबलपुर :–(मध्य प्रदेश)–४८२००२ ● फोनः– ०७६१–२६३७२१३, २६३७२१६, २६३७२१७
E-mail :- mmyvvregistrar@gmail.com ● Website :- www.mmyvv.com, फैक्स :- ०७६१–४०७११५१

क्रमांक: ....

दिनांक: 06/09/2018

ने उपस्थित होकर समितियों द्वारा की गयी कार्यवाही से आंतरिक गुणवत्ता सुनिश्चयन प्रकोष्ठ (IQAC) को अवगत कराया गया। इन समितियो के नाम निम्नानुसार है:–एण्टी रैगिंग समिति, लैंगिक उत्पीड़न निवारण प्रतिशोध और प्रतितोषण समिति, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति शिकायत निवारण समिति, छात्र शिकायत निवारण समिति, पिछड़ा वर्ग शिकायत निवारण समिति।

2) विश्वविद्यालय के भूतपूर्व छात्र संघ् के अध्यक्ष, उन्नत भारत अभियान के संयोजक, राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) के कार्यक्रम अधिकारी एवं क्रीड़ा प्रकोष्ठ के क्रीड़ा अधिकारी एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमस समन्वयक को NAAC के निरीक्षण की तिथियों से अवगत कराया गया एवं उनके प्रकोष्ठों द्वारा की गयी तैयारियों की समीक्षा की गयी एवं आवश्यक सुझाव भी दिये गये।

पद क्र 03 विश्वविद्यालय की विस्तार गतिविधियों की समीक्षा।

निर्णय: **1)** विश्वविद्यालय द्वारा विस्तार गतिविधियों के अंतर्गत आगामी गांधी जयंती के उपलक्ष्य में विविध कार्यक्रमों के आयोजनों की अनुशंसा की गयी। जिसमें स्वच्छता पखवाड़ा, गांधी साहित्य वाचन तथा प्रभात फेरी के आयोजन किये जाने का सुझाव दिया गया।
2) विश्वविद्यालय में सरदार वल्लभ भाई पटेल जयंती 31/10/2018 ("एकता दिवस") के आयोजन की अनुशंसा की गयी।

पद क्र 04 प्रतिपुष्टि (Feedback) प्राप्त करने विषयक।

निर्णय: विश्वविद्यालय की गुणवत्ता उन्नयन हेतु छात्र शिक्षक एवं अभिभावकों से प्रतिपुष्टि प्रपत्र प्राप्त किये जाने की अनुशंसा की गयी।

बैठक की कार्यवाही अध्यक्ष महोदय के प्रति धन्यवाद प्रस्ताव के साथ संपन्न हुई।

संयोजक
आंतरिक गुणवत्ता सुनिश्चियन प्रकोष्ठ
आंतरिक गुणवत्ता सुनिश्चयन प्रकोष्ठ
महर्षि महेश योगी वैदिक विश्वविद्यालय
करौंदी, पोस्ट-महनेर, जिला-कटनी (म.प्र.)